तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 2 अक्टूबर 2025

02 ग्राम संजारी नवागांव में नवरात्रि पर माता के ...

04 राम नवमी पर हिरमी में गायत्री परिवार ने किया...




## खबर संक्षेप

### पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार** | कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार के लिए 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश सम्बंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील टुंडरा अंतर्गत ग्राम खपराडीह निवासी संतराम पटेल पिता नरसिंह की तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 के प्रावधान के अनुसार मृतक के निकटतम वैध वारिसान पत्नी उर्मिला बाई पति संतराम पटेल को 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

### मूरा में 5 ट्रैक्टर की बैटरी ले गए चोर

**बंगोली** | ग्राम मूरा के पत्थर खदान में 5 नग बैटरी मंगलवार रात्रि अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया | जानकारी से राजेंद्र नायक मूरा 1 नग, प्रदीप कोसले 2 नग, पिंटू क्रेशर से हाईवा व ट्रैक्टर 2 नग बैटरी चोरी कर ले गये | पूर्व में पत्थर खदान के हॉटल से पॉवर एक्सल चोरी कर ले गये | अज्ञात चोरों ने कुल 5 नग बैटरी पेंचीस के सहारे सभी ट्रैक्टर के वायर काटकर आसानी से बैटरी निकाल कर ले गये | क्षेत्र मे चोर सक्रिय व स्थानीय होने की आशंका है |

### पलारी तहसील साहू संघ का चुनाव 5 अक्टूबर को

**घोटिया।** जिला साहू संघ अध्यक्ष सुनील साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पलारी तहसील साहू संघ के चुनाव की तारीख घोषित की है। चुनाव 5 अक्टूबर को तहसील भवन में होगा, जिसमें 716 मतदाता मतदान करेंगे। इच्छुक प्रत्याशियों के नामांकन 4 अक्टूबर को लिए जाएंगे। मतदान सुबह 9 बजे से प्रारंभ होकर परिणाम उसी दिन घोषित किए जाएंगे। समाजजन ▸▸ शेष पेज 2 पर

# वरिष्ठ नागरिक समाज के दिशा निर्धारक और भावी पीढ़ी को मार्गदर्शन देने वाले

## नगर भवन में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर बुधवार को नगर भवन में वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अतिथियों ने शाल व श्रीफल से बुजुर्गों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि हर वर्ष 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के रूप में मनाते हैं जिसमें उत्सव के रूप में बुजुर्गों का सम्मान करते हैं। बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा योजनाएं संचालित की जा रही है जिसमें पात्रता अनुसार लाभ दिलाया जाता है। इसके साथ ही यहां श्री वाटिका वृद्धाश्रम भी संचालित है जिसमें से 23 बुजुर्ग यहां उपस्थित है। वृद्धजनों के नियमित स्वास्थ्य जांच हेतु अस्पताल है। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड बनाने में थंब इम्प्रेशन की दिक्कत होती है उसके लिए आई स्कैनिंग की भी सुविधा है। वृद्धजनों की देखभाल व पालन पोषण की जिम्मेदारी बच्चों को लेनी चाहिए। अपने माता पिता की पालन पोषण नहीं करने कि शिकायत आने पर नियमानुसार प्रति महीने राशि देय होग़ा। उन्होंने वित्तीय लेनदेन में धोखाधड़ी से बचने सतर्कता बरतना जरुरी है। लेनदेन करते समय पढ़ा लिखा व्यक्ति साथ ले जाएं। शासन की मंशानुरूप पात्रता अनुसार वृद्धजनों को योजनाओं का लाभ दिलाने जिला प्रशासन प्रतबद्ध है।

### वृद्धजन स्वास्थ्य जांच नियमित रूप से कराएं

नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने वृद्धजन दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज के दिशा निर्धारक हैं और भावी पीढ़ी को मार्गदर्शन देने वाले हैं। उन्होंने कहा कि वृद्धजन अपना स्वास्थ्य जांच नियमित रूप से कराएं ताकि स्वस्थ रहें। बताया गया कि जिले में करीब 22787 वृद्धजनों को पेंशन दी जा रही है। 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के वृद्धिजनों को बिना दिव्यांगता प्रमाण पत्र के निःशुल्क छड़ी एवं श्रवण यन्त्र दिया जाता है।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र म्हाले, दीपा सोनी, गौ सेवा आयोग के सदस्य योगेश अग्रवाल सहित पार्षदगण, उप संचालक समाज कल्याण सिनीवाली गोयल एवं बड़ी संख्या में वृद्धजन उपस्थित थे।

## दक्षिण भारतीय शैली में होगा रावण पुतले का भव्य दहन, राम-रावण युद्ध का रंगारंग मंचन

# दशहरे पर आज 41 फीट ऊंचे रावण के पुतले का किया जाएगा दहन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

असत्य पर सत्य की विजय का पर्व दशहरा इस बार नगरवासियों के लिए विशेष आकर्षण लेकर आ रहा है। शुक्रवार को दशहरा मैदान में 41 फीट ऊंचे रावण का दहन दक्षिण भारतीय शैली में किया जाएगा। इस अवसर पर पुरानी बस्ती की रामलीला मंडली द्वारा भगवान श्रीराम और रावण के युद्ध का मंचन होगा, जिसे देखने बड़ी संख्या में श्रद्धालु और नागरिक जुटेंगे।

- सुरक्षा व्यवस्था के साथ मेले में झूले, खान-पान और खेलों का भी होगा आनंद

दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष रमेश सोनी, उपाध्यक्ष पनिश केसरवानी, सचिव आकाश सोनी, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार सोनी तथा सदस्य अनिल ठाकुर, संतोष पटेल, फागुराम साहू, मुरारी मिश्रा, रूपेश सोनी के नेतृत्व मे दशहरा मैदान पर सारी तैयारियां जोरों पर है, इस वर्ष रावण का पुतला पारंपरिक दक्षिण भारतीय शैली में तैयार किया गया है, जिसमें रंग-बिरंगे वस्त्र, आकर्षक शिरोभूषण और विशेष डिजाइन का उपयोग किया गया है। पुतले की ऊंचाई 41 फीट रखी गई है।

### सुरक्षा और व्यवस्थाएं

जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। लगभग 100 पुलिसकर्मी मैदान और आसपास के इलाकों में तैनात रहेंगे। वहीं, पूरे आयोजन की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की जाएगी। ट्रैफिक व्यवस्था के लिए अतिरिक्त जवान लगाए गए हैं ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। समिति ने नगरवासियों से अपील की है कि वे अपने परिवार सहित इस भव्य आयोजन में शामिल होकर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की विजय गाथा के साक्षी बनें।



### सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम

*शाम को रामलीला मंडली 'राम-रावण युद्ध' का मंचन करेगी। इसके बाद आतिशबाजी के बीच रावण दहन किया जाएगा। मैदान में मेले का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बच्चों और युवाओं के लिए झूले, खेलकूद और खान-पान के स्टॉल लगाए गए हैं।*

### खरोरा दशहरा उत्सव में होगा 61 फीट ऊंचे रावण का दहन



खरोरा। नगर खरोरा में दशहरा उत्सव इस बार बेहद खास रहेगा। क्रिकेट स्टार ग्रुप और प्रयास युवा मंच के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले आयोजन में 61 फीट ऊँचे रावण का दहन मुख्य आकर्षण होगा। विशाल पुतले को देखने और उसके दहन का साक्षी बनने आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचेंगे। इस वर्ष पहली बार उड़ीसा से आए कारीगरों द्वारा इलेक्ट्रिक आतिशबाजी का भव्य प्रदर्शन किया जाएगा, जो लगभग डेढ़ घंटे तक चलेगा। रंग-बिरंगी रोशनी और धमाकेदार आतिशबाजी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगी। आयोजन समिति ने पंडाल, बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा, पेयजल और पार्किंग जैसी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा है। नगर पंचायत, पुलिस, स्वास्थ्य और बिजली विभाग सहित प्रशासन के सहयोग से पूरे आयोजन को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने की तैयारी की गई है। समिति ने नागरिकों से सपरिवार उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक दशहरा उत्सव की शोभा बढ़ाने की अपील की है। नगरवासियों में इस भव्य आयोजन को लेकर खासा उत्साह है।

# 3 करोड़ की लागत से बने तुरमा विद्युत उपकेंद्र का भव्य लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| लवन

मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत तुरमा गाँव में लगभग 3 करोड़ की लागत से निर्मित 3.15 एमवीए क्षमता का नया विद्युत उपकेंद्र आज लोकार्पित किया गया। इस उपकेंद्र से 8 किलोमीटर 33 केवी नई लाइन तथा 10 किलोमीटर 11 केवी विद्युत लाइन का विस्तार किया गया है। इसके माध्यम से 3 नए 11 केवी फीडर संचालित होंगे, जिनमें से एक अटल ज्योति लाइन किसानों के लिए स्थायी पंप लाइन उपलब्ध कराएगी। इस उपकेंद्र के शुरू होने से तुरमा, अमलडीहा, पहनदा, खैरा, दतान, हरदी भालूकोना, सिंघारी, चीतावर, परसापाली, तुरमा सहित लगभग ▸▸ शेष पेज 2 पर

- 8 किलोमीटर नई विद्युत लाइन से 13 गांवों को मिलेगा स्थिर व विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति



### उपभोक्ताओं को बड़ा लाभ

इस उपकेंद्र से लगभग 4000 घरेलू उपभोक्ता तथा 100 से 150 पंप उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। कुल मिलाकर लगभग 5000 उपभोक्ताओं को सुचारु विद्युत आपूर्ति का लाभ मिलेगा, जिससे कृषि कार्यों में भी बड़ी सुविधा होगी।

### लोड शेयरिंग से बढ़ी विश्वसनीयता

नया तुरमा उपकेंद्र लवन उपकेंद्र के लोड को साझा करते हुए लगभग 1 से 1.5 मेगावाट भार वहन करेगा। इससे लवन उपकेंद्र पर दबाव कम होगा और क्षेत्र की बिजली आपूर्ति और अधिक विश्वसनीय बनेगी।

# मेला स्थल के पास युवक की हत्या के मामले में 7 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुहेला

ग्राम सुहेला के दुर्गा मेला स्थल के पास 28 सितंबर की रात हुई युवक गोपाल साहू की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। थाना सुहेला पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई में 02 अपचारी बालकों समेत कुल 07 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मृतक के शरीर पर चाकू से किए गए कई प्राणघातक वार पाए गए थे। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में इस जघन्य हत्याकांड की बारीकी से जांच की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक गोपाल साहू (उम्र 27 वर्ष), निवासी ग्राम मुड़पार, थाना हथबंद, दुर्गा मेला ▸▸ शेष पेज 2 पर

- हत्या की गुत्थी सुलझी : चाकू से वार कर की गई थी निर्मम हत्या



### गिरफ्तार आरोपियों के नाम इस प्रकार हैं

1. लक्ष्य ठाकुर उर्फ लक्की (19), निवासी संतोषी नगर, सुहेला
2. ठाकुर पाल (20), निवासी ग्राम जरौद, थाना भाटापारा ग्रामीण
3. समीर वर्मा (18), निवासी श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, भाटापारा
4. रोशन यादव (23), निवासी लक्ष्मी नगर, सुहेला
5. निखिल ध्रुव (19), निवासी ग्राम खैरवाही, थाना सुहेला

6-7. दो अपचारी बालक (नाम गोपनीय)

# अवैध शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डां. लाल उमेंद सिंह के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक (विधानसभा) वीरेन्द्र चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में में थाना प्रभारी खरोरा के नेतृत्व में आबकारी एक्ट में गिरफ्तार किया गया है।

- आरोपी के कब्जे से 40 पाव शोले देशी मदिरा मशाला जब्त

मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम चिचोली पेट्रोल पंप के सामने अवैध रूप से शराब ब्रिकी होने की सूचना पर थाना खरोरा पुलिस पार्टी मुखबीर द्वारा बताये स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी कर गवाहों के समक्ष आरोपी खूबचंद सेन को अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करते हुए पकड़ा गया। आरोपी को शराब रखने व बिक्री करने के संबंध में कागजात पेश करने नोटिस दिया गया जो कोई कागजात पेश नही करने पर आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में रखे कुल 40 पौवा देशी मदिरा मसाला शोले जिसके प्रत्येक पौवा में 180-180 मि.ली. शराब भरी हुई जुमला मात्रा 07 लीटर 200 मि.ली.किमती 4000 रुपये एवं शराब बिक्री रकम 200 रुपये को गवाहों के समक्ष जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध अपराध घटित करना साक्ष्य पाये जाने से मौके पर विधिवत गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना परिजनों को देकर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया।



# ट्रक चालक से लूटपाट चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा

सिमगा थाना क्षेत्र में एक ट्रक चालक से चाकू की नोक पर मोबाइल और 250 नगदी लूटने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना 21-22 सितंबर की दरमियानी रात ग्राम ढेकूना ओवरब्रिज के पास हुई थी, जहां ट्रक खराब होने से चालक रोड किनारे रुका था। थाना प्रभारी रितेश मिश्रा के अनुसार, प्रार्थी रणजीत सिंह संधू, जो तेलीबांधा रायपुर के निवासी हैं, ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 21 सितंबर को वह रायपुर से माल लेकर कोरबा जा रहे थे। रास्ते में ट्रक खराब हो जाने के कारण वह ओवरब्रिज के पास ट्रक रोककर सो गए। करीब 03:30 बजे रात को चार आरोपियों ने मोटरसाइकिल पर आकर दरवाजा तोड़कर चालक को उठाया, चाकू दिखाकर ▸▸ शेष पेज 2 पर

- रात के अंधेरे में चाकू की नोक पर मोबाइल व नगदी लूटने का मामला सामने
- सीसीटीवी फुटेज व तकनीकी जांच से पकड़े गए आरोपी
- आरोपियों में एक अपचारी बालक भी शामिल



## रामलीला देखने उमड़ी दर्शको की भारी भीड़

# लक्ष्मण शक्तिघात और कुंभकरण वध का शानदार मंचन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

आदर्श रामलीला नाटक मंडली के 106वें वर्ष के नौंवे दिन पर रामलीला के दर्शकों ने लक्ष्मण शक्ति, कुंभकरण वध और मेघनाथ वध की शानदार लीला देखी। दर्शकों की भारी भीड़ ने इस भव्य आयोजन को सफल बनाया। लक्ष्मण शक्ति एवं कुंभकरण-लक्ष्मण युद्ध के दृश्य को अत्याधुनिक ग्राफिक्स के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसने सभी का मन मोह लिया।

हनुमान के रूप में लव शर्मा, मेघनाथ की भूमिका में जगदीश वैष्णव, कुंभकरण के रूप में अभी अग्रवाल और रावण के रूप में श्याम माल ने उत्कृष्ट अभिनय किया। सभी कलाकारों ने अपनी भूमिका में जान डालते हुए रामलीला को भव्यता प्रदान की। महोत्सव के शेष केवल तीन दिन बचे हैं, जिसमें 2 अक्टूबर को शाम 4 बजे दशहरा मैदान रावण भाठा में रावण वध की लीला के साथ पूरे रामलीला का संक्षिप्त मंचन होगा।





### नौंवे दिन के प्रमुख आयोजन

*नौंवे दिन की रामलीला में लक्ष्मण शक्ति, कुंभकरण वध, मेघनाथ वध की लीला ने दर्शकों का दिल जीत लिया। युद्ध के दृश्य प्रभावशाली ग्राफिक्स से सजाए गए, जो दर्शकों के लिए यादगार साबित हुए।*

### आरती कार्यक्रम और सम्मान समारोह

*रामलीला के भगवान की आरती में सिंधी समाज और सदर बाजार व्यापारी संघ ने पूजा अर्चना की। समारोह में इन्दर थारानी, राकेश ईदवानी और अखिलेश जिंदाणि ने बाल कलाकारों की प्रशंसा की और पालकों का धन्यवाद किया। सदर बाजार व्यापारी संघ द्वारा कलाकारों को सम्मानित करते हुए उपहार भी प्रदान किए गए।*

AGRASEN COLLEGE
Recognised By: NCTE, New Delhi, Govt. Of India
Affiliated to: Hemchand Yadav University, Durg
B.ED. COURSE
COLLEGE COUNCELLING CODE - 114316
सत्र 2025 - 26 में B.Ed कोर्स में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
द्वितीय चरण

| | |
|---|---|
| पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 01/10/25 से 05/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 09/10/25 से 10/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 13/10/25 |
| द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यथी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 13/10/25 से 16/10/25 |

VILLAGE- DHANORA, DURG (C.G.)
Mob. 90982 11113



## खबर संक्षेप

### भाजपा खरोरा कार्यालय प्रभारी के निवास में सुनी मन की बात



**खरोरा** । भारतीय जनता पार्टी खरोरा के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा /"मन की बात' 126 वां एपिसोड /"मन की बात/" का प्रसारण किया गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को देश के समक्ष मन की बात का प्रसारण किया जाता है । प्रधानमंत्री जी यह संवाद श्रृंखला वास्तव में जन-जन को राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करती है और मन की बात प्रत्येक भारती के हृदय से सीधे जुड़ने वाला सशक्त माध्यम बन चुकी है खरोरा मंडल कार्यालय प्रभारी दीपक धनकर खरोरा के निवास में मन की बात में भाजपा के खरोरा मंडल के पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे मुख्य रूप से प्रधानमंत्री के द्वारा 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर खादी वस्त्र आगामी त्योहारों पर स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और खरीदने के लिए भी प्रेरित किया ।

### भाजपा सरकार में कृषि कार्य के प्रति किसानों का बढ़ा रूझान



**सिमगा**। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सिमगा की वार्षिक आमसभा में समिति के अध्यक्ष छोटेलाल यदु ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में किसानों का खेती-किसानी की ओर झुकाव बढ़ा है। उन्होंने बताया कि समिति के 1700 सदस्य हैं, जिनमें से 875 किसानों को पिछले वर्ष लगभग 3 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया गया। वर्ष 2024-25 में 83 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीदी की गई। 400 टन खाद व 719 क्विंटल बीज वितरित किए गए। सभा में किसानों की समस्याएं भी उठीं, जिनके निराकरण का आश्वासन अध्यक्ष ने दिया। कार्यक्रम में सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

# ग्राम संजारी नवागांव में नवरात्रि पर माता के जगराता का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लिमतरा

ग्राम पंचायत संजारी नवागांव में नवरात्रि पर्व के अवसर पर माता के जगराता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध भजन गायक सुर सम्राट शिवकुमार तिवारी ने अपनी मधुर वाणी से माता रानी के विभिन्न रूपों का भावपूर्ण वर्णन किया। उनकी प्रस्तुतियों में भजन, जस गीत, लोकगीत और नृत्य शामिल रहे, जिन्हें सुनकर उपस्थित भक्तगण भावविभोर हो उठे।

- भजन संध्या में शिवकुमार तिवारी और मुख्य अतिथि शिवरतन शर्मा ने किया माता के रूपों का बखान

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के भूतपूर्व विधायक एवं भाजपा के भूतपूर्व उपाध्यक्ष माननीय शिवरतन शर्मा ने नवरात्र पर्व एवं आदिशक्ति माता के स्वरूपों का विस्तार से बखान किया। उन्होंने कहा कि नवरात्रि शक्ति, श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है, जो समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है।



इस अवसर पर ग्राम सरपंच दौलतराम साहू के अनुरोध पर उन्होंने ग्राम विकास हेतु गौरी गौरा गेट जीर्णोद्धार, शमशान घाट में सीसी रोड निर्माण एवं मिडिल स्कूल में अतिरिक्त कक्षों के निर्माण जैसे कार्यों को पूर्ण कराने का ठोस आश्वासन भी दिया।

कार्यक्रम में किसान नेता अनिल पांडे,भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, जनपद उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य शशि आनंद बंजारे, जनपद सदस्य जीत त्रिलोक कुर्रे, भाजपा मंडल अध्यक्ष नारायण साहू ग्राम पंचायत लिमतरा की सरपंच नेहा मुरली शर्मा, प्रमुख व्यवसायी राजेश अग्रवाल एवं बिश्रामपुर साख समिति अध्यक्ष हेम सिंह चौहान सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अंत में ग्राम के सरपंच एवं शिवनाथ क्लिनिक के संचालक भूपेंद्र साहू ने आयोजनकर्ता गौरी गौरा गेट युवा समिति के सभी सदस्यों, ग्राम के नागरिकों,आमंत्रित अतिथियों एवं उपस्थित दर्शकों का धन्यवाद ज्ञापित किया और कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आभार व्यक्त किया।

# हास्य कवियों ने श्रोताओं को किया लोटपोट



**सुहेला ।** मोपर, बाजार चौक, नवयुवक दुर्गोत्सव समिति, मोपर द्वारा आयोजित हास्य कवि सम्मेलन में अंचल के सुप्रसिद्ध एवं नवोदित कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को देर रात तक हँसी से लोटपोट कर दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हास्य, व्यंग्य, श्रृंगार और समसामयिक विषयों पर आधारित कविताओं की प्रस्तुति हुई, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इस मंच पर जिन कवियों ने अपने भावपूर्ण और चुटीले अंदाज में काव्य पाठ किया, वे थे अजय अमृतांशु (भाटापारा) – हास्य/व्यंग्य, नरेंद्र वर्मा अरमान (नवापारा) – समसामयिक/हास्य/व्यंग्य, कौशल साहू (सुहेला) – हास्य/व्यंग्य, डॉ. तुलेश्वरी धुरंधर (अर्जुनी) – श्रृंगार/छंद, सुरेंद्र कुमार केंवट (सेमरिया लवन) – हास्य/व्यंग्य, जगदीश साहू (कड़ार) – गीतकार, कु. हीरा साहू (बाल कवयित्री, कड़ार), राज गुप्ता (भाटापारा) – बेरस, कुश कुमार साहू (मोपर) – उभरते कवि, पुष्पराज निषाद 'पुहुप' (मोपर) – कवि, सुगम अनंत 'सतरंगी' (डिग्गी), श्रोताओं ने कवियों की प्रस्तुतियों का तालियों और ठहाकों के साथ भरपूर आनंद लिया। **ये रहे उपस्थित**-मुख्य अतिथि एवं अतिथिगण मुख्य अतिथिः ललिता / दौलत साहू (जनपद सदस्य, भाटापारा), अध्यक्षता फत्ते लाल ध्रुव (सरपंच, ग्राम पंचायत मोपर), विशिष्ट अतिथि संजीव कुमार साहू (उपसरपंच, मोपर), विशेष अतिथि श्यामरतन लहरी (सचिव, मोपर), प्रीतमदास मानिकपुरी, मुरलीधर यद्दु, एवं समस्त पंचगण । कार्यक्रम देर रात्रि तक चला और श्रोताओं की उपस्थिति व उत्साह से आयोजन को बड़ी सफलता मिली।

# महाष्टमी पर्व पर कन्याभोज और हवन पूजन कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

महाष्टमी पर्व पर आजाद दुर्गोत्सव समिति समिति के सदस्यों ने सामूहिक रूप से कन्याओं के पैर धुलाकर माहुर लगाया, माथे में टीका एवं चुनरी ओढ़ाकर विधि-विधान के साथ पूजन किया। उसके बाद खीर, पुड़ी, सब्जी, फल आदि परोस कर भोजन कराकर श्रृंगार सामग्री भेंटकर सम्मानित किया। कन्या पूजन के दौरान माता रानी के जयकारे गूंजते रहे, जिससे वातावरण भक्तिमय रहा। तत्पश्चात संध्या समय में पंडित योगेश चतुर्वेदी ने मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन कराया । इस अवसर यजमान अभिजीत श्वेता अवस्थी एवं समिति के सदस्यों जिनमें राजवर्धन भोसले, जिनेन्द्र जैन, धीरज जैन, परीक्षित चतुर्वेदी, सचिन जैन, योगेश ताम्रकार, माया सलूजा, मोती सेन, दिनेश उपाध्याय, अमित तंम्बोली, ताकेश्वर देवांगन, सुलभ जैन, बबलू गुप्ता, पीयूष जैन, मनीष सलूजा, प्रतीक चतुर्वेदी, सूरज चतुर्वेदी, नैतिक जैन, मन्नत सलूजा, सीटू जैन आदि ने मनोकामना पूर्ति हेतु हवन कुंड में आहुति देकर मां दुर्गा के नौ दिनों के पूजा अर्चना में कोई भी त्रुटि हुई हो उसके लिए क्षमा याचना किया ।

## वनांचल माता दर्शन यात्रा में विधायक ने पंडालों में जाकर लिया मां का आशीर्वाद





**सेल**। विजयादशमी पर्व पर विधायक कविता प्राण लहरे ने सोनाखान ब्लॉक के वनांचल क्षेत्र में दुर्गा पंडालों का भ्रमण कर माता रानी का आशीर्वाद लिया। सुबह बिलारी से प्रारंभ हुई यह यात्रा रात्रि में राजा देवरी में सम्पन्न हुई। विधायक ने क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक, जनपद उपाध्यक्ष देवानंद नायक, सरपंच संघ अध्यक्ष कपिल देव नायक सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूरे दिन चली इस यात्रा में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

# संडी बंगला में नवमी पर महाप्रसादी भण्डारा, बड़ी संख्या में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी बंगला

शारदीय नवरात्र के नवमी पर्व के अवसर पर सार्वजनिक श्री दुर्गा दुर्गात्सव समिति द्वारा भव्य महाप्रसाद भण्डारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र भर से भारी संख्या में श्रद्धालु माता रानी के दर्शन व प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे। शाम से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। दुर्गा समिति के सदस्यों व स्थानीय युवाओं ने श्रद्धालुओं के स्वागत और व्यवस्था में सक्रिय भूमिका निभाई। श्रद्धालुओं के लिए



प्रसाद वितरण हेतु अलग-अलग पंडाल बनाए गए थे । भण्डारे में खिचड़ी, पूड़ी-सब्जी, मिठाई सहित विविध व्यंजन परोसे गए। श्रद्धालुओं ने माता रानी के जयकारों के साथ प्रसाद ग्रहण किया और नवरात्रि के पावन अवसर पर अपनी आस्था व्यक्त की। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सामूहिक भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य समाज में एकता, भाईचारा और सेवा भाव को बढ़ावा देना है। आयोजन में विशेष सहयोग स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं का रहा। पूरे दिन वातावरण भक्तिमय रहा। महिला-पुरुष, बच्चे व बुजुर्ग सभी उत्साहपूर्वक शामिल हुए और माता रानी से सुख-समृद्धि की कामना की।

## हर्षोल्लास के साथ मांदर की थाप पर गूंजे मां के जसगीत



**मुंडा** । आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा की बस्ती ग्राम पंचायत भवन के पास विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा की बुधवार को उपरोहित विजय पांडे के द्वारा विधि विधान से हवन पूजन का कार्यक्रम किया गया जिसमें सम्मिलित पंडा उमेद वर्मा, बसंत, परेठी वर्मा, विजय, फूलबाई वर्मा, रूप कुमार, सकून वर्मा, बिजलाल सकून सेन, रामकुमार, शुकलहीन वर्मा, दिलेश्वर, कमलाबाई वर्मा, भागीरथी पटेल, कुसुम पटेल, सनत वर्मा, खेम लाल, जितेन वर्मा, लखन, लोकेश, मुकेश, कामता व ग्रामवासी सम्मिलित रहे ।

## दुर्गा दरबार में रंगोली से की सजावट



**बंगोली** । नवयुवक दुर्गोत्सव समिति गोवर्धन चौक मूरा मे नवरात्रि के प्रथम दिवस से लेकर विसर्जन दिवस तक रंगोली से मां जगत जननी जगदंबे महाशक्ति के दरबार को रंगोली से सजाया।

# मुंडा में नवरात्रि का भव्य समापन: मां दुर्गा की प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

**मुंडा**। 30 अक्टूबर अष्टमी को हवन पूजन के साथ शारदीय नवरात्रि के अंतिम दिन रामनवमी से ग्रामीण अंचल के दुर्गा पंडालों में स्थापित आदिशक्ति जगत जननी मां दुर्गा की प्रतिमाओ को विसर्जन करने का सिलसिला प्रारंभ हो गया हैं तो वहीं कई गांवो में दशहरा के दिन 02 अक्टूबर को मां दुर्गा की प्रतिमाओ का विसर्जन किया जाएगा। 09 दिनों तक भक्तों के द्वारा आदिशक्ति माता दुर्गा रानी की आराधना भक्ति भाव से किया गया। जिससे विसर्जन करने के दौरान भक्तों की आंखें नम हो गई और अगले बरस तू जल्दी आ के नारे के साथ अपने आराध्य मां दुर्गा रानी को विदा किया।

मेन रोड पर स्थित आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा में शक्ति की भक्ति का महापर्व भक्तिभाव के साथ मनाया गया। नवरात्र के समापन के बाद बाजार चौक और आजाद चौक में विराजित आदिशक्ति मां दुर्गा की प्रतिमाओ का विसर्जन एक अक्टूबर दिन बुधवार को किया गया। वहीं पंचायत भवन के पास हवन पूजन का कार्यक्रम किया गया विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा को दशहरा के दिन 2 अक्टूबर को विसर्जन किया जाएगा। बाजार चौक और आजाद चौक के मां दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जन करने से



पहले दुर्गा उत्सव समितियो के द्वारा प्रतिमाओ को ट्रैक्टर में रखकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मेन रोड से होते हुए गलियों में निकाली गई। जहां गांव की श्रद्धालु महिलाओं के द्वारा गोपाल साहू, हरि साहू, मोहन साहू, के द्वारा माता रानी की अंतिम दर्शन करने अपने अपने घरों से निकलकर विधिवत पूजा अर्चना की गई। वही श्रद्धालु भक्तों को मांदर की धुन पर नाचते जसगीत गाते हुए देखे गए। बाजार चौक के प्रतिमा को कोर्रा तालाब में तो आदर्श चौक पुलिया पारा की प्रतिमा को नवा तालाब बस्ती में विसर्जन किया गया।

# नवरात्रि की महानवमी पर भव्य कन्या पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नवरात्रि के पावन पर्व की समाप्ति की ओर बढ़ते हुए महानवमी पर कन्या पूजन का आयोजन धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। यह पर्व माँ दुर्गा के नौ रूपों की आराधना के साथ-साथ समृद्धि, सुख-शांति और सौभाग्य की प्राप्ति का भी संदेश देता है। देश भर के देवी मंदिरों में भव्य कन्या पूजन और महाआरती का आयोजन होता है।

- मां दुर्गा की कृपा का पावन संकल्प
- अष्टमी-नवमी पर कन्या पूजन का विशेष धार्मिक महत्व
- पूजन विधि और कन्या भोज से घर-परिवार में समृद्धि का संचार

बॉडीः हिंदू धर्म में अष्टमी और नवमी तिथियों को अत्यंत पवित्र माना जाता है। खासकर कन्या पूजन का महत्व इस दिन और भी बढ़ जाता है, जब घरों में कन्याओं को देवी का स्वरूप मानकर पूजा जाता है। मान्यता है कि कन्या पूजन से माता दुर्गा की विशेष कृपा और आशीर्वाद मिलता है, जो घर-परिवार में खुशहाली और सौभाग्य लाता है।कन्या पूजन में 2 से 10 वर्ष तक की कन्याओं को सम्मिलित किया जाना शुभ माना जाता है। पूजन से पहले कन्याओं के चरण धोना आवश्यक होता है, जिससे देवी की कृपा बनी रहती है। परंपरा के अनुसार पूजन में 9 कन्याएं बैठनी चाहिए, हालांकि 3, 5 या 7 कन्याओं को भी भोजन कराया जा सकता है।

पूजन के दौरान हलवा, पूरी और काले चने का भोजन कराया जाता है, जो पारंपरिक रूप से शुभ माना जाता है। इसके अलावा, कन्याओं को उपहार या रूपये देकर उनका सम्मान किया जाता है। खास बात यह है कि पूजन में एक लड़के को भी भोजन कराना चाहिए, जिसे बटुक भैरव कहा जाता है, जो सुख-समृद्धि का द्योतक होता है।महानवमी माँ सिद्धिदात्री की पूजा का दिन है, जो देवी दुर्गा के आठ स्वरूपों की आराधना के बाद आती हैं। यह दिन माँ दुर्गा की महिषासुर वध की विजय और नवरात्रि के समापन का प्रतीक है।



### कन्या पूजन की मुख्य मान्यताएं

*कन्या पूजन में कन्याओं को देवी का रूप माना जाता है। 2 से 10 वर्ष की कन्याओं को भोजन कराना शुभ होता है। पूजन से पहले कन्याओं के चरण धोना आवश्यक है, जिससे देवी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। पूजन में हलवा, पूरी, काले चने का भोजन अनिवार्य है। साथ ही, बटुक भैरव (एक लड़का) को भोजन कराना पारंपरिक रूप से शुभ माना जाता है।*

### महानवमी का आध्यात्मिक महत्व

*महानवमी नवरात्रि का अंतिम और सबसे महत्वपूर्ण दिन है। इस दिन माँ सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है, जो देवी दुर्गा के आठ स्वरूपों की पूजा के बाद आती हैं। यह दिन राक्षस महिषासुर पर माँ दुर्गा की अंतिम विजय का प्रतीक है और आध्यात्मिक ज्ञान, शक्ति तथा दिव्य आशीर्वाद प्राप्ति का अवसर होता है।*


न्यायालय तहसीलदार सिमगा
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.
// ईश्तहार //
क्रमांक / /तह/वा./25 सिमगा, दिनांक 15/09/2025
रा.प्र.क्र RD202425500606900001
अ/6 24-2025
ग्राम पौसरी प.ह.नं. 23

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण जितेन्द्र साहू, भूपेन्द्र कुमार साहू पिता तीजउराम साहू निवासी ग्राम पौसरी तहसील सिमगा के द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 109, 110 छ.ग.भू.रा.सं. बिसरू राम पिता धुरूवा के नाम व स्वामित्व पर ग्राम पौसरी प.ह.नं. 23 तहसील सिमगा में भूमि खाता क्र. 123 ख.नं. 455, 467, 469 रकबा क्र. 0.170, 0.350, 0.120 हे. कुल ख.नं. 03 कुल रकबा 0.640 हे. भूमि राजस्व अभिलेखो में दर्ज चला आ रहा है। आवेदकगण के बड़े दादा वसीयतकर्ता बिसरू पिता धुरूवा ध्रुव की मृत्यु निःसंतान अवस्था में दिनांक 29/07/2025 को ग्राम पंचायत पौसरी में हुआ है, उनकी कोई आल अवलाद नहीं था इसलिए उनके देख रेख सेवा सुश्रवा आवेदकगण द्वारा किया जाता रहा है तथा मृत्यु उपरांत मृत्यु संस्कार भी आवेदकगण के पिताजी के द्वारा किया गया। आवेदकगण के बड़े दादा पिता धुरूवा अपने जीवनकाल में एक पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 29/10/2009 को उप पंजीयक कार्यालय सिमगा में दो गवाह पुलस्त देवदास पिता गैंदराम एवं पुनेराम ध्रुव पिता रामाधीन ध्रुव के उपस्थिति में आवेदकगण के पक्ष में निष्पादित किया उक्त वसीयतनामा को निष्पादित करते समय आवेदकगण के बड़े दादा बिसरूराम पिता धुरूवा उर्फ घुरुवा पूर्ण रूप से स्वस्थ्य थे सोचने समझने की शक्ति थी। आवेदकगण के बड़े दादा बिसरू पिता धुरूवा अपने जीवनकाल तक आवेदकगण के साथ निवास करते थे, आवेदकगण के बडे दादा बिसरू का देखरेख, सेवा जतन भरण पोषण इत्यादि आवेदकगण के द्वारा किया जाता था तथा मृत्यु उपरांत उसकी अंतिम क्रियाकर्म आवेदकगण के पिता द्वारा किया गया है। वसीयतनामा दिनांक 29/10/2009 के आधार पर आवेदकगण के बड़े दादा बिसरू पिता धुरूवा का नाम विलोपित कर आवेदकगण का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 08/10/2025 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।
मुहर
तहसीलदार
सिमगा


## पेज 3 के शेष

### 3 करोड़ की...

13 गाँवों में विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार होगा। पहले इन गाँवों की आपूर्ति लवन उपकेंद्र से होती थी, जिससे दूरी अधिक होने के कारण लो-वोल्टेज एवं लाइन ब्रेकडाउन जैसी समस्याएं आती थीं।

**कार्यक्रम में हुई गरिमामयी उपस्थिति**-लोकार्पण कार्यक्रम का शुभारंभ श्री ए.के. ठाकुर, कार्यपालन अभियंता बलौदाबाजार के कर कमलों से किया गया। इस अवसर पर सहायक अभियंता लवन तुषार शुभ्र विश्वास, सहायक अभियंता प्रोजेक्ट बलौदाबाजार आकाश देवांगन, कनिष्ठ अभियंता लवन स्वाति साहू, कनिष्ठ अभियंता मरदा भोले शंकर साहू, सेवा राम डहरिया,मुरीत नायक, डिकेश टंडन, राजकुमार ,राजुसाहू, सोहन साहु, सजन रजक, संजीव, संजय, राकेश सुनील, एसटीएम.टीम, जोगा राव, कर्मचारी, टेम सिंह साहू सहित अनेक अधिकारी-कर्मचारी, ग्रामवासी एवं ठेकेदार प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### मेला स्थल के...

देखने के लिए सुहेला आया हुआ था। घटना रात 1 बजे के आसपास की है, जब आरोपी मेला देखने आए एक अन्य व्यक्ति से मारपीट कर रहे थे। इसी दौरान पास ही खड़े गोपाल साहू ने आरोपियों का पीछा किया और पूछताछ की कोशिश की। आरोपियों ने सुनसान स्थान पर गोपाल साहू को घेरकर पहले तो उसके साथ मारपीट की और फिर चाकू से पेट व जांघ में वार कर उसकी हत्या कर दी। मृतक का शव शांति देवी स्कूल के पीछे मैदान में पाया गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना सुहेला पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया गया।

**पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकारा अपराध**-आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच, तकनीकी साक्ष्य, तथा 100 से अधिक लोगों से पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपियों को चिह्नित किया। सभी आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में हत्या की बात स्वीकार की है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस की तत्परता से मेला स्थल के बीच हुई जघन्य हत्या का खुलासा संभव हो पाया है। मामले की विवेचना जारी है।

### ट्रक चालक से...

धमकाया और मोबाइल व नगदी 250 लूटकर फरार हो गए।

**आरोपियों ने स्वीकारा अपराध**- पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी जांच के आधार पर आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने वारदात स्वीकार की। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, चाकू और लूटे गए पैसे बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में बिलासपुर जिले के सिरगिट्टी थाना क्षेत्र के तीन युवक और एक अपचारी बालक शामिल हैं।

**आरोपियों के नाम और विवरण**

तमेश मानिकपुरी, (36), निवासी नया मन्नाडोर, तिफरा, थाना सिरगिट्टी, बिलासपुर। प्रदीप भारद्वाज, (19) , निवासी नया मन्नाडोर, तिफरा, थाना सिरगिट्टी, बिलासपुर। जयकुमार दिवाकर उर्फ छोटू, (20) निवासी तारबहार, एफसीआई रोड, थाना तारबहार, बिलासपुर। अपचारी बालक । अभी आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया जारी है।

### पलारी तहसील साहू...

में चुनाव को लेकर उत्साह और गहमागहमी का माहौल है। दावेदार सक्रिय होकर समर्थन जुटाने में लगे हैं। सुनील साहू ने कहा कि यह चुनाव संगठन को मजबूत करने और युवाओं को जोड़ने का अवसर बनेगा।

## कार की टक्कर से एक व्यक्ति घायल

**महासमुंद**। निजी कार्य से एसडीएम दफ्तर पहुंचे एक व्यक्ति को घर वापस जाते समय कार ने ठोकर मार दी जिससे वह घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट घायल के पुत्र ने सिटी कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस को प्रार्थी शैलेंद्र सेन वार्ड नं 05 ग्राम मुढेना ने बताया कि 26 सितंबर उसके पिता कुलेश्वर सेन अपनी मोटर सायकल हीरो ग्लैमर क्र. सीजी 04 जीएल 8320 से अपने निजी कार्य से एसडीएम कार्यालय महासमुंद आये थे, जो काम पूरा होने के बाद वापस घर मुढेना वापस जा रहे थे।


HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
02 अक्टूबर 2025
SHOW TIME
कांतारा-2
शो समय
12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### राहुल को जान से मारने की धमकी जुर्म दर्ज करने कांग्रेसियों का ज्ञापन



**बलौदाबाजार।** जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे के नेतृत्व में भाजपा प्रवक्ता द्वारा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के सीने में गोली उतार देने की बात सार्वजनिक रूप से एक न्यूज चैनल केरल में कही गई थी। भाजपा के प्रवक्ता द्वारा सार्वजनिक रूप से टीवी चैनल पर लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष के विरुद्ध इस तरह का कथन बहुत ही निंदनीय है। जिसके चलते आज बलौदाबाजार थाना में ज्ञापन देकर जुर्म दर्ज करने की मांग समस्त कांग्रेसियों ने की है। इस दौरान भाटापारा विधायक इंद्र साव, पूर्व बोर्ड अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश यादव, जनपद सदस्य आर्यन शुक्ला, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र बंजारे, लखेश साहू, गोल्डी मारिया आदि बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### गौठान योजना बंद होने से बढ़ी गौवंश की मौतें : कांग्रेस



**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार-भाटापारा की ओर से रविवार को पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे ने की। पत्रकारों को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा तथा भाटापारा विधायक इंद्र साव ने राज्य की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पिछले पौने दो सालों में गौवंश की तस्करी और सड़क दुर्घटनाओं में उनकी मौत के मामले तेजी से बढ़े हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने गौठान योजना लागू कर गौवंश को संरक्षण देने का काम किया था, लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार ने इस योजना को बंद कर दिया। इसके चलते पशु खुलेआम सड़कों पर घूम रहे हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाएं और चारे-पानी के अभाव में मौतों की संख्या बढ़ रही है। पत्रकार वार्ता में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यदु, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र बंजारे, जनपद सदस्य आर्यन शुक्ला, मंडल अध्यक्ष गोल्डी मरैया, लंकेश साहू सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### युवक के साथ मारपीट दो लोगों के विरूद्ध अपराध दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम सोनदादर में एक युवक के साथ दो लोगों ने मारपीट कर दी। मामले में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिसको प्रार्थी एवन कुमार पाटले निवासीग्राम सोनदादर ने बताया कि 30 सितंबर की शाम लगभग 6 बजे के आसपास वह अपने दोस्त लक्ष्मीनारायण बंजारे एवं महेंद्र साहू के साथ गांव के क्रिकेट मैदान में बैठा था।

टैटू (गोदना)
मिटाये नई तकनीक लेजर व्दारा



कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

## लोक कल्याण के लिए निरंतर चल रहा नवरात्रि गायत्री जप अनुष्ठान

# राम नवमी पर हिरमी में गायत्री परिवार ने किया भव्य हवन पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

- कन्या भोज एवं महायज्ञ के साथ संपन्न हुआ नौ दिवसीय आयोजन

राम नवमी के पावन अवसर पर गायत्री प्रज्ञापीठ हिरमी में सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक लोक कल्याण के लिए सामूहिक गायत्री जप और हवन का आयोजन किया गया। नवरात्रि के पहले दिन से चल रहे इस अनुष्ठान का बुधवार को विशेष अनुष्ठान एवं पूर्णाहुति के साथ भव्य समापन हुआ। इस दौरान साधकों एवं श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर राष्ट्र और समाज के कल्याण की कामना की।

नवरात्रि के अंतिम दिन आयोजित इस महायज्ञ में 56 प्रकार की जड़ी-बूटियों से निर्मित हवन सामग्री का प्रयोग किया गया। साथ ही दुर्गा नवमी पर माँ सिद्धिदात्री की कथा सुनाई गई, जिसने भक्तों को आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में कन्या भोज और भंडारे का



आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. मोहनलाल वर्मा (सभापति, उद्योग एवं सहकारिता समिति जिला पंचायत बलौदाबाजार), रेखाकृष्णा वर्मा (उपसरपंच), डी. के. कालेज की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सहित स्थानीय प्रशासन, कार्यकर्ता और श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### नौ दिवसीय गायत्री जप अनुष्ठान की प्रमुख बातें

गायत्री प्रज्ञापीठ हिरमी में नवरात्रि के पहले दिन से निरंतर चल रहे गायत्री मंत्र जप अनुष्ठान में इस वर्ष विशेष रूप से राष्ट्र कल्याण हेतु महामृत्युंजय, दुर्गा और गायत्री मंत्रों की आहुति दी गई। 56 प्रकार की जड़ी-बूटियों से निर्मित हवन सामग्री का उपयोग कर विधि-विधान के साथ हवन किया गया। साधकों ने दिनभर सतत जप एवं ध्यान किया, जिससे भक्ति और शांति का वातावरण बना रहा।

### दुर्गा नवमीं पर कथा और सांस्कृतिक कार्यक्रम

दुर्गा नवमी के दिन प्रेमलाल सिन्हा ने माँ सिद्धिदात्री की कथा सुनाई, जिसमें बताया गया कि कैसे देवी ने भगवान शिव को आठ सिद्धियां प्रदान कीं, जिसके फलस्वरूप शिवजी अर्धनारीश्वर कहलाए। कथा सुनने वाले श्रद्धालुओं को माँ के आशीर्वाद की प्राप्ति हुई। इसके अलावा, गायत्री मंत्र लेखन, गायत्री चालीसा और गुरुदेव के सदसाहित्य का निःशुल्क वितरण किया गया।



## गायत्री मंदिर में हुआ हवन पूजन

**बलौदाबाजार।** लवन रोड स्थित गायत्री मंदिर में बुधवार को शारदीय नवरात्रि के समापन पर 5 कुंडलिय गायत्री महायज्ञ एवं नौ दिवसीय अनुष्ठान का पूर्णाहुति किया गया जिसमें शहर भर के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। पांच कुंडली गायात्री महायज्ञ के साथ दीक्षा संस्कार, पुसवन्त संस्कार व विद्या आरंभ संस्कार जैसे कार्यक्रम का भी आयेजन किया गया। पुरोहित के मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं ने विश्व कल्याण, पर्यावरण संतुलन, स्वास्थ्य लाभ के लिए आहुतिया डाली हवन पूजन के बाद मंदिर प्रांगण में कन्या भोज कराया गया व कन्याओं को श्रृंगार के समान भेंट किए गए। साथ ही प्रसाद वितरण व भोजन भंडारे का कार्यक्रम भी रखा गया था जिसमें बड़ी संख्या में शहर के साथ साथ आस पास के क्षेत्र से आये लोग शामिल हुए।

## महिला उत्थान समिति ने कराया कन्या भोज



**बलौदाबाजार।** विजय शक्ति महिला उत्थान समिति की कार्यकर्ताओं के द्वारा नवरात्रि पर्व के अवसर पर पोषण माह के पावन अवसर पर वार्ड क्रमांक 19 आंगनबाड़ी केंद्र 4 ए में कन्या भोज का आयोजन किया गया इस आयोजन में बड़ी संख्या में कन्याओं को भोजन कराया गया तथा बच्चों को उपहार स्वरूप श्रृंगार का सामान भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर एनजीओ की जिला अध्यक्ष नीलम सोनी, विजिया पटेल, मोनिका श्रीवास्तव, राजेश्वरी बघेल, ईश्वरी धृतलहरे, निर्मला साहू, धनेश्वरी वर्मा, सबा अली खान, रानी मिश्रा, सरोज वर्मा, सरिता मार्केट सहित बड़ी संख्या में एनजीओ की महिला सदस्य एवं बच्चे मौजूद रहे।

## रामनवमी पर मंदिरों में हुआ हवन पूजन

**सेल।** सेल अंचल में शारदीय नवरात्रि पर्व मंगलवार को हवन पूजन के साथ श्रद्धा और भक्ति के माहौल में समाप्त हो गया। महामाया दाई मंदिर सहित आसपास के कई मंदिरों और दुर्गा पंडालों में विधिपूर्वक हवन यज्ञ किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने भाग लेकर माता दुर्गा की आराधना की। महामाया दाई के मंदिर में मंत्रोच्चारण और स्वाहा-स्वाहा के उद्घोष के साथ हवन पूजन संपन्न हुआ। इस दौरान भक्तों ने दुर्गा माता का जयकारा लगाते हुए श्रद्धा पूर्वक पूजा अर्चना की। हवन पूजन के बाद नौ कन्याओं को खीर पुड़ी खिलाकर श्रृंगार भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार गुड़ी चौंक, डीहपारा, राउत राय चौंक, करंजपारा, तालाब के पास, शीतला चौंक और सूतियापारा मोहल्ला



सहित अंचल के विभिन्न स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना कर विधि विधान से पूजन किया गया। रामनवमी के अवसर पर भक्तों का जनसैलाब उमड़ा और पूरे क्षेत्र में धर्म-कर्म का माहौल बना रहा। ग्राम पंचायत सेल के सहयोग से विशेष आयोजन किए गए। नवरात्र के समापन के साथ ही 2 अक्टूबर को विजयादशमी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा, जबकि 3 अक्टूबर को दुर्गा माता का विसर्जन किया जाएगा।

**प्रमुख पूजा स्थल और आयोजन-** महामाया दाई मंदिर, गुड़ी चौंक, डीहपारा, राउत राय चौंक, करंजपारा तालाब के पास, शीतला चौंक, सूतियापारा मोहल्ला आदि स्थानों पर विधिवत हवन पूजन हुआ। सभी पंडालों में भक्तों ने श्रद्धा से माता की पूजा की।

**आसपास के गांवों की भागीदारी-** साबर, सर्वानी, सर्वा, बैजनाथ, खैरा, झबड़ी, मड़कड़ा, मल्दी, मल्दा, मुड़पार, पिकरी, छेछर, भद्रा, सिनोधा, मुड़ियाडीह, सोनाईडीह, देवरीकला, छांछी, छरछेद, पिसीद, मोतीपुर, आमाखोहा, खर्री, बिलारी, असनींद सहित क्षेत्र के अनेक गांवों से श्रद्धालु हवन पूजन में शामिल हुए।

## महाअष्टमी पर हुआ पारंपरिक हवन, निभाई गई सौ वर्षों से अधिक पुरानी परंपरा

**सुहेला।** सुहेला में नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर ग्राम सुहेला की हृदयस्थली सतबहिनीया माता चौक पर महा अष्टमी के दिन पारंपरिक हवन का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन ग्रामवासियों की गहरी आस्था और सौ वर्षों से अधिक पुरानी परंपरा का प्रतीक है, जहाँ दुर्गा माता रानी की प्रतिमा प्रतिवर्ष नवरात्रि में विधिवत विराजमान की जाती है। ग्रामीणों के अनुसार, यह परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है। महाअष्टमी के दिन माता के दर्शन कर ग्रामवासी अपनी मनोकामनाएँ माँगते हैं तथा परिवार और गाँव की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना करते हैं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गाँव के युवाओं ने पूरे उत्साह से भागीदारी निभाई। उन्होंने न केवल आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई, बल्कि बुजुर्गों द्वारा संजोई गई इस परंपरा को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया।

**माता रानी के जयकारों से गुंजा क्षेत्र-** पूरे दिन गाँव में उल्लास और भक्ति का वातावरण बना रहा। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ सतबहिनीया माता चौक पर दुर्गा



माता के दर्शन एवं हवन में सम्मिलित होने के लिए उमड़ पड़ी। माता रानी के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा और श्रद्धा एवं आस्था का एक अद्भुत दृश्य उपस्थित हुआ। आयोजन समिति श्री सतबहिनीय माता समिति के प्रमुख सदस्यों विजय वर्मा, धनंजय वर्मा, दीपक वर्मा, जयंत वर्मा, जागेश ने बताया कि भविष्य में इस परंपरा को और अधिक भव्य स्वरूप देने का प्रयास किया जाएगा, ताकि युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति एवं धार्मिक मूल्यों से जुड़ी रहे।

# 40 वां पंच दिवसीय माता समुझबाई स्मृति महोत्सव 4 अक्टूबर से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

आचार्य श्री सतगुरू स्वामी टेउराम जी महाराज की असीम कृपा से श्री प्रेमप्रकाश आश्रम, भाटापारा में माता समुझबाई स्मृति का 40वां वार्षिक महोत्सव 4 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। इस पांच दिवसीय भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन प्रेमप्रकाश मंडल सेवा ट्रस्ट मातादेवालय, वार्ड भाटापारा द्वारा किया जा रहा है। महोत्सव का शुभारंभ 4 अक्टूबर शनिवार को सुबह 8 बजे प्रार्थना सत्संग, श्रीमद भागवत गीता एवं प्रेमप्रकाश ग्रंथ के पाठ से होगा। शाम को महिला मंडल द्वारा जनेउ का लाडा तथा रामधुनी मंदिर में सत्संग-भजन का आयोजन किया जाएगा। दूसरे दिन कन्या भोज के साथ ब्रह्मदशर्नी पाठ एवं भजन-आरती की तैयारियां होंगी। तीसरे दिन गुरू महाराज और संत मंडली का नगर आगमन एवं स्वागत रैली कालेज रोड से शुरू होकर प्रेमप्रकाश मंदिर में समाप्त होगी।



### महोत्सव के प्रमुख आयोजन

महोत्सव में सुबह-शाम भजन-सत्संग, जनेउ संस्कार, आध्यात्मिक नाटक एवं गुरू महाराज का स्वागत रैली शामिल है। चौथे दिन सामूहिक जनेउ संस्कार संपन्न होगा, वहीं अंतिम दिन भोग, आरती और आम भंडारे का आयोजन होगा।

### आयोजकों की अपील

प्रेमप्रकाश मंडल सेवा ट्रस्ट ने नगर व धर्मप्रेमी लोगों से अपील की है कि वे इस पावन धार्मिक आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर महापुरुषों एवं संतों की अमृतमयी वाणी का श्रवण करें और अपने जीवन को सफल बनाएं।

# नवरात्रि पर्व पर भव्य आरती और सामूहिक भाजपा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नवरात्रि के पावन पर्व पर ग्राम खपरी (एस) स्थित शिव मंदिर प्रांगण में साहू समाज नवयुवक दुर्गोत्सव समिति द्वारा माँ दुर्गा की भव्य आरती का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा सम्मिलित हुए और विधिवत पूजा-अर्चना कर नगरवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की मंगलकामना की। इस अवसर पर नेतृत्व में नरेंद्र सेन, बृजेश निषाद, मीत साहू, केशव साहू, ग्राम सरपंच धनेंद्र यादव, जनपद प्रतिनिधि दीपक नेताम, संतोष साहू, रूपराम साहू (अध्यक्ष साहू समाज), और पंच राम बैगा एवं समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे। मोदी सरकार एवं विष्णुदेव साय जी की जनकल्याणकारी नीतियों और पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के प्रेरणादायी नेतृत्व से प्रभावित होकर सामूहिक रूप से भाजपा प्रवेश का आयोजन भी हुआ। युवा नेता रोहित साहू के नेतृत्व में सहित लगभग 40 नागरिकों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सभी नवप्रवेशकों ने भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।







# धूमधाम से हुआ माता रानी का भव्य विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घोटिया

वटगन, घोटिया, कौड़िया, ओड़ान, धौराभाटा साथ में आसपास के गांव में माता रानी की प्रतिमा का विसर्जन बड़े ही धूमधाम और बाजे-गाजे के साथ किया गया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने पूरे आयोजन को भक्ति और उल्लास से भर दिया। विसर्जन यात्रा में ढोल-नगाड़ों की गूंज, भक्ति गीतों की मिठास और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। विसर्जन से पूर्व मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना की गई, जिसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित हर वर्ग के लोग इस अवसर पर उत्साहपूर्वक शामिल हुए। श्रद्धालुओं का ऐसा उत्साह देखने



को मिला कि पूरे मार्ग पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालु माता रानी के जयकारे लगाते हुए नाचते-गाते विसर्जन स्थल तक पहुंचे।

## छत पर 3 किलोवॉट का सोलर सिस्टम करवाया है स्थापित

# सोलर पैनल लगाकर धनेश ने पर्यावरण संरक्षण की ओर बढ़ाया कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- घर को मिलने लगी मुफ्त में बिजली

जिले के ग्राम रवान निवासी धनेश कुमार वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लिया है। इससे न केवल उनके घर को मुफ्त बिजली मिल रही है बल्कि उन्हें पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का भी अवसर मिल रहा है

धनेश ने बताया कि समाचार पत्र में विज्ञापन देखने के बाद बिजली विभाग से जानकारी प्राप्त की और अपने घर की छत पर 3 किलोवॉट का सोलर सिस्टम




स्थापित करवाया। इस योजना के तहत उन्हें शासन से सब्सिडी भी प्राप्त हुई है। श्री वैष्णव ने बताया कि यह योजना उनके लिए बेहद लाभकारी सिद्ध हो रही है। इससे न केवल उनके घर को मुफ्त बिजली मिल रही है, बल्कि उन्हें पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का भी अवसर मिल रहा है।

### सरकार की बहुत अच्छी पहल

*उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह शासन की बहुत ही अच्छी पहल है जिससे आमजन को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिल रहा है। साथ ही उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे भी इस योजना का लाभ अवश्य लें और सौर ऊर्जा के माध्यम से स्वच्छ एवं हरित भविष्य का निर्माण करें।*

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- B-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411